EMPLOYMENT NEW ZEALAND

फेयर पे अग्रीमेंट्स (उचित वेतन समझौतों) को समझना

कर्मचारियों के लिए एक त्वरित गाइड

उचित वेतन समझौते क्या हैं

उचित वेतन समझौते (FPA) एक उद्योग या व्यवसाय में सभी कवर किए गए कर्मचारियों के लिए न्यूनतम रोजगार वाली शर्तों पर सौदेबाजी करने के लिए, एक क्षेत्र के भीतर यूनियनों और नियोक्ता संघों को एक साथ लाते हैं। इसका मतलब है कि कर्मचारी और नियोक्ता प्रतिनिधि काम करने के लिए रोजगार की शर्तों के एक समूह पर चर्चा करने और उस पर सहमति के लिए मिलेंगे।

एक उचित वेतन समझौते में यह शामिल होना जरूरी है कि FPA (एफपीए) के अंतर्गत किसे कवर किया गया है; मानक घंटे; ओवरटाइम और जुर्माने की दरों सहित न्यूनतम वेतन दरें; प्रशिक्षण और विकास; एक कर्मचारी को कितनी छुट्टी मिल सकती है; और एफपीए कब तक लागू होता है।

उचित वेतन समझौते की प्रक्रिया

प्रारंभ या शुरूआत: एफपीए प्रक्रिया तब शुरू होती है जब एक यूनियन आवश्यक साक्ष्य इकट्ठा करती है और व्यापार, नवाचार एवं रोजगार मंत्रालय (एमबीआईई) को एक आवेदन में वह जानकारी प्रदान करती है। अगर मंजूरी मिल जाती है, तो सौदेबाजी के पक्ष बनने शुरू हो जाते हैं।

सौदेबाजी: दोनों पक्षों को रोजगार की शर्तों पर एक ऐसे समझौते पर पहुंचने में समय लगेगा, जिससे वे दोनों खुश हों।

वोट (जिसे रैटिफिकेशन या सत्यापन के नाम से भी जाना जाता है): एक बार जब सौदेबाजी करने वाले पक्ष सहमत हो जाते हैं, तो पात्र कर्मचारी और नियोक्ता इस बात पर मतदान कर पायेंगे कि वे शर्तों से सहमत हैं या नहीं।

उचित वेतन समझौते को अंतिम रूप देना: यदि दोनों पक्षों में बहुमत की सहमति होती है, तो एफपीए को अंतिम रूप दिया जाएगा और कानून के रूप में स्थापित किया जाएगा।

इस प्रक्रिया में कर्मचारी, नियोक्ता और उनके सौदेबाजी करने वाले पक्षों की अलग-अलग भूमिकाएं और जिम्मेदारियां होती हैं।

सौदेबाजी के दौरान कौन किसका प्रतिनिधित्व करता है

- कर्मचारी सौदेबाजी पक्ष: पात्र यूनियन(नें) एक प्रस्तावित एफपीए द्वारा कवर किए गए सभी कर्मचारियों के लिए एफपीए का सौदा। आपके लिए किसी यूनियन का सदस्य होना जरूरी नहीं है।
- नियोक्ता सौदेबाजी पक्ष: उद्योग संघों समेत योग्य नियोक्ता संघ, नियोक्ता के पक्ष की ओर से सौदेबाजी कर सकते हैं।
- सौदेबाजी की प्रक्रिया में माओरी प्रतिनिधित्व के लिए सौदेबाजी करने वाले पक्षों को अपने सर्वोत्तम प्रयासों का उपयोग करना चाहिए। इसमें माओरी कर्मचारियों/नियोक्ताओं के प्रतिनिधियों की फीडबैक (प्रतिक्रिया) प्राप्त करना और उस पर ध्यान देना तथा इस पर विचार करना शामिल है कि माओरी प्रतिनिधियों को सौदेबाजी में शामिल किया जाना चाहिए या नहीं।

प्रस्तावित उचित वेतन समझौते के अंतर्गत आने वाले कर्मचारियों को एफपीए प्रक्रिया के दौरान अधिकार प्राप्त होते हैं। इसमें सौदेबाजी, अपनी बात रखने या मतदान करने के बारे में अपडेट किया जाना शामिल है। आपको इस प्रक्रिया में भाग नहीं लेने का भी अधिकार है।

हाँ, मैं भाग लेना चाहता/चाहती हूँ:

एक एफपीए शुरू करने के लिए समर्थन करें

✓ यूनियन यह दिखाना चाहती है कि आवेदन के समय 10% या 1,000 कर्मचारी प्रस्तावित एफपीए का समर्थन करते हैं। वे आपसे संपर्क कर सकते हैं और आपकी संपर्क जानकारी और नौकरी के विवरण के बारे में पूछ सकते हैं।

एफपीए के लिए आवेदन को स्वीकृति दे दी गई है

✓ आपको अपने नियोक्ता से जानकारी प्राप्त होगी कि एक प्रस्तावित FPA है जो आपके काम पर लागू होता है।

✓ जब तक आप ऑप्ट आउट नहीं करते, आपका नियोक्ता काम पर आपके संपर्क विवरण को यूनियन को दे देंगे ताकि वे आपको जो कुछ भी हो रहा है उसके बारे में अपडेट (ताजा) रख सकें।

✓ आपको यूनियन में शामिल होने की आवश्यकता नहीं है।

✓ आपके विवरण का उपयोग केवल इन अपडेट के लिए ही किया जाएगा।

सौदेबाजी के नियम और शर्तें

✓ प्रक्रिया के दौरान आपको जानकारी मिलेगी, आप 2 x 2 घंटे के समय के भुगतान की बैठकों में भाग लेने का विकल्प चुन सकते हैं, यूनियन का कोई सदस्य आपसे संपर्क कर सकता है।

एक बार जब सौदेबाजी करने वाले पक्ष रोजगार की शर्तों पर सहमत हो जाते हैं तो मतदान करें

✓ पात्र कर्मचारी FPA की शर्तों पर मतदान करते हैं। पात्र नियोक्ता भी ऐसा करते हैं।

✓ यदि आप इस चरण में शामिल नहीं होने या मतदान नहीं करने का निर्णय लेते हैं, तो आप ऑप्ट आउट फॉर्म भर सकते हैं और इसे अपने नियोक्ता को दे सकते हैं। वे यूनियन से आपके संपर्क विवरण को हटा देने के लिए कहते हैं।

नहीं, मैं भाग लेना नहीं चाहता/चाहती:

प्रक्रिया में शामिल नहीं होने का चयन करना

✓ आपको अपने संपर्क विवरण को कर्मचारी सौदेबाजी पक्ष को अनुमति देने की आवश्यकता नहीं है।

एफपीए के लिए आवेदन को स्वीकृति दे दी गई है

✓ आपके नियोक्ता द्वारा आपको यह बताना जरूरी है कि एक प्रस्तावित एफपीए है जो आपके काम पर लागू होता है। आपको एक ईमेल प्राप्त होगी।

✓ आपका नियोक्ता आपको 'ऑप्ट आउट' फॉर्म देगा। यदि आप इस प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बनना चाहते हैं, तो आप नियम और शर्तों पर जानकारी प्राप्त करने या मतदान करने से 'ऑप्ट आउट' कर सकते हैं।

✓ आपका नियोक्ता 'ऑप्ट आउट' फॉर्म का रिकॉर्ड रखता है। आपका विवरण साझा नहीं किया जाता है।

सौदेबाजी के नियम और शर्तें

✓ यदि आप भाग नहीं लेना चाहते हैं, तो भी आपका प्रतिनिधित्व एक कर्मचारी सौदेबाजी पक्ष द्वारा किया जाएगा जो कवर किए गए सभी कर्मचारियों की ओर से सौदेबाजी करता है।

एक बार जब सौदेबाजी करने वाले पक्ष रोजगार की शर्तों पर सहमत हो जाते हैं तो मतदान करें

✓ सभी पात्र कर्मचारी FPA की शर्तों पर मतदान कर सकते हैं, भले ही वे पहले FPA प्रक्रिया में शामिल न हुए हों।

जब उचित वेतन समझौते को अंतिम रूप दिया जाता है, तो FPA उसके अंतर्गत कवर किए गए सभी कर्मचारियों पर लागू होता है

यद्यपि आप प्रक्रिया में भाग नहीं लेने का चुनाव करते हैं, यदि आपके द्वारा किए गए काम के पर्याप्त हिस्से को एफपीए द्वारा कवर किया जाता है और इसे अंतिम रूप दिया जाता है तथा कानून में बना दिया जाता है तो भी आपको एफपीए में उल्लिखित शर्तें प्राप्त होंगी।

एफपीए के अंतर्गत आने वाले सभी नियोक्ताओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके सभी कवर किए गए कर्मचारियों के रोजगार अनुबंधों में ऐसी शर्तें शामिल हों जो एफपीए के बराबर या उससे बेहतर हों।

अधिक जानकारी:
उचित वेतन समझौतों और अन्य रोजगार संबंधी जानकारी के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.employment.govt.nz/fair-pay-agreements** को देखें।

डिसक्लेमर (अस्वीकरण): यह जानकारी केवल मार्गदर्शन है, कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है, और इसे कानूनी सलाह या उचित वेतन समझौते अधिनियम 2022 की शब्दावली के बदले में प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। तथ्य, चूक, व्याख्या या राय की त्रुटि जो मौजूद हो सकती है, उसके लिए और न ही इस जानकारी के आधार पर किसी भी निर्णय के परिणामों के लिए, MBIE (एमबीआईई) कोई जिम्मेदारी या दायित्व स्वीकार नहीं करता।